तेरे मोटे मोटे नैना जादू कर गए रे

तेरे मोटे-मोटे नैना जादू कर गए रे,
तेरी सांवली सूरत पे हम तो मर गये रे...

नटखट तेरे लटके झटके,
ऐसे निगोड़े दिल में अटके,
तिरछी नज़र के तीर जिगर पे चल गये रे,
तेरे मोटे-मोटे नैना जादू कर गए रे....

बड़ा खिलाड़ी तू बनवारी,
हारी रे मैं तो दिल हारी,
सुन के प्यारे तान बंसी की लुट गये रे,
तेरे मोटे-मोटे नैना जादू कर गए रे....

प्रेम की भाषा जब तू बोले,
जिया में मिश्री घोले,
तेरी मस्त मस्त मुस्कान पे हम तो मर गये रे,
तेरे मोटे-मोटे नैना जादू कर गए रे....

देखा जब से कुंजबिहारी ,
भूल गयी मैं दुनिया सारी,
ये नैना कुंजबिहारी तोसे लड़ गए रे,
तेरे मोटे-मोटे नैना जादू कर गए रे....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/26675/title/tere-motey-motey-naina-jaadu-kar-gaye-re

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |